चमड़ा उद्योग आयोग

3720. **श्री आत्म दास** : क्या **औद्योगिक विकास तथा आन्तरिक व्यापार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भविष्य में खादी तथा ग्रामोद्योग की भाँति एक चमड़ा उद्योग आयोग स्थापित करना चाहती है; और

(ख) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ?

औद्योगिक विकास तथा आन्तरिक व्यापार मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री मं० र० कृष्ण) : (क) जी, नहीं।

(ख) चमड़ा और चमड़े का सामान बनाने वाले उद्योगों की विकास परिषद् चमड़ा और चमड़े का सामान वाले उद्योगों के विभिन्न पहलुओं की देख-रेख करने वाली एजेन्सियों के कार्यकलाप का समन्वय रखती है।

छोटे चमड़ा उद्योगों को सहायता

3721. **श्री आत्म दास** : क्या **औद्योगिक विकास तथा आन्तरिक व्यापार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में प्लास्टिक के जूतों के निर्माताओं को लाइसेंस दिये जाने के परिणामस्वरूप लाखों छोटे जूता बनाने वाले अनुसूचित जातियों के लोग बेकार हो गए हैं; और

(ख) क्या सरकार का विचार छोटे चमड़ा उद्योगों में सुधार लाने के लिए वित्तीय तथा अन्य सहायता देने का है ?

औद्योगिक विकास तथा आन्तरिक व्यापार मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री मं० र० कृष्ण) : (क) जी, नहीं।

(ख) छोटे पैमाने के चमड़ा उद्योगों को सरकार द्वारा पहले से ही वित्तीय तथा अन्य सहायता दी जा रही है।

ग्वालियर स्टेशन से दीपावली के दिन सवारी गाड़ियों का न चलना

3722. **श्री यशवंत सिंह कुशवाह** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कारण है कि दीपावली के दिन मध्य रेलवे के ग्वालियर स्टेशन से भिंड शिवपुरी तथा शिवपुरी कला को प्रातः चलने वाली रेल गाड़ियाँ नहीं चलीं; और

(ख) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मन्त्री (श्री नन्दा) : (क) 29-10-70 को लगभग 01·45 बजे ग्वालियर छोटी लाइन यार्ड में दो इंजनों और एक चल पानी टंकी के पटरी से उतर जाने से भिंड शिवपुरी और शिवपुर कला की ओर का रास्ता अवरुद्ध हो जाने के कारण।

(ख) ग्वालियर और झांसी से राहत गाड़ियां मँगाने के लिए तुरन्त कार्रवाही की गई और उनकी सहायता से उन्हें पटरी पर फिर चढ़ाने का काम 14·30 बजे पूरा किया गया। जिसके बाद, जहाँ तक व्यावहारिक हुआ, गाड़ियों को फिर से चलाना शुरू किया गया।

Pay Scales for Assistants and Trained Graduates in Railway Mixed Multipurpose High School Golden Rock

3723. SHRI J. M. BISWAS: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether any representation has been received regarding the allotment of appropriate pay scales for the Secretarial Assistant